XIWKYQV

# संकलित परीक्षा – I (2014)

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा – X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न–पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ**।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खण्ड–क

**( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** 12

जिसके अंदर जितनी पवित्र भावनाएँ प्रवाहित होती हैं उतना ही आत्मा का तेज़ बढ़ता है। आभामंडल विस्तृत होता जाता है। जहाँ अहंकार है, अशुद्ध भावनाएँ हैं, उन संबंधों में कभी भी नि:स्वार्थ प्रेम पनप नहीं सकता है। आज हर एक प्राणी क्या चाहता है ? – प्रेम चाहिए। एक शिशु को भी प्यार चाहिए तो वयावृद्ध भी प्रत्येक से प्रेमपूर्ण और आदरपूर्वक व्यवहार की अपेक्षा रखता है। ऐसा नहीं है कि बुजुर्ग ने सारा जीवन प्रेम और सम्मान पाया है तो अब बुढ़ापे में उसे प्यार और सम्मान न भी मिले तो चलेगा। नहीं। हर इन्सान को प्यार चाहिए और वह भी नि:स्वार्थ, सहज और आत्मीय भाव से भरा हुआ। यह तभी संभव है जब परस्पर पवित्र भावनाएँ हों, सामंजस्यपूर्ण व्यवहार हो और नि:स्वार्थ प्रेम प्रवाहित होता हो।

आज के तनावपूर्ण वातावरण में हर व्यक्ति सहानुभूति, सद्भाव और सौहार्द तो चाहता है किंतु कैसी विडम्बना ह कि यदि कोई प्यार से बात करता है तो व्यक्ति संशयग्रस्त होने लगता है कि यह व्यक्ति मुझसे इतने प्यार से क्यों व्यवहार कर रहा है ? मुझसे इसकी क्या अपेक्षा है ? लेकिन जहाँ समझदारी है वहाँ व्यक्ति प्रेमपूर्ण व्यवहार पाकर कृतज्ञता का अनुभव कर तनावमुक्त हो जाता है। उसे मन में शांति और जीवन में सच्चे सुख की तत्काल अनुभूति होने लगती है।

(i) आत्मा का संबंध भावानाओं से है – कैसे ?

(ii) प्रेम के रास्ते में आप किसे रूकावट मानते हैं और क्यों ?

(iii) प्रेम जीवन के लिए आवश्यक क्यों है ?

(iv) तनाव से मुक्ति कैसे मिल सकती है ?

(v) लेखक कैसी बातों को विडंबना मानता है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (vi) तनावपूर्ण वातावरण में सौहार्द क्यों आवश्यक है? | | |
| 2 | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** | 8 | |

अपना ही मन खो बैठे जब, औरों की क्या बात है,
सह ले पगले ! चुप हो सह ले, आया जो आघात है।
दुनिया बहुत बड़ी है
जीवन का भी है विस्तार-बड़ा
तू किस भ्रम में युगों-युगों से
इस सराय के द्वार खड़ा ?
चलता-फिरता दिन है मूरख ! चलती-फिरती रात है।
गहराई को कौन पूछता
गहरा तो है कूप भी,
पर न पहुँचता वहाँ समीरन
नहीं पहुँचती धूप भी।
जीत उसी की, जो लहरों का देता रहता साथ है।
बादल का क्या दोष
फोड़ यदि सका न यह चट्टान तू ?
पानी तो पानी है, मत कर
यों अपना अपमान तू।
कल्प-कल्प का धैर्य जुटे जब, बनता तभी प्रपात है !
सह ले पगले ! चुप हो सह ले, आया जो आघात है !

(i) 'पगले' किसे कहा है? उसे क्या करने को कहा गया है?

(ii) सागर की गहराई और कुएँ की गहराई में क्या अंतर है?

(iii) दिन और रात के चलते-फिरते होने की बात कहकर कवि क्या बताना चाहता है?

(iv) आशय स्पष्ट कीजिए – 'कल्प-कल्प का धैर्य जुटे जब बनता तभी प्रपात है'।


http://jsuniltutorial.weebly.com/

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **खण्ड-ख**<br>**( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 3 | | **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-**<br>(i) देर से उठने के कारण वह विद्यालय देर से पहुँचा।<br>(संयुक्त वाक्य में)<br>(ii) शिखर के पिता विद्यालय में प्रधानाचार्य से मिलकर चले गए।<br>(मिश्र वाक्य में)<br>(iii) सुरभि कुर्सी पर बैठी और किताब पढ़ने लगी।<br>(सरल वाक्य में) | 3 |
| 4 | | **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-**<br>(i) वह हाथ जोड़े।<br>(ii) यह बात जब मैं बच्चा था उस समय की है।<br>(iii) कल उसने मुंबई जाना है।<br>(iv) आप हमारे घर कब आ रहे हो? | 4 |
| 5 | | (क) निम्नलिखित समस्त पदों के विग्रह करके समासों के नाम लिखिए-<br>नीलगगन, खट्टा-मीठा<br>(ख) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर उनमें निहित समासों के नाम लिखिए-<br>कामना को पूरा करने वाली धेनु<br>पथ से भ्रष्ट | 4 |
| 6 | | (i) शब्द के दो लक्षण लिखिए।<br>(ii) रेखांकित का पद-परिचय दीजिए।<br>वहाँ <u>बहुत</u> लोग जमा थे। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए–<br>(क) चाँदी होना।<br>(ख) मैदान मारना। | 2 |
| | **खण्ड-ग**<br>**( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| 8(i) | तताँरा गीत से इतना अधिक प्रभावित क्यों हुआ? | 2 |
| (ii) | बड़े भाई साहब ने पास होने के लिए किस प्रकार मेहनत की थी ? | 2 |
| (iii) | पुलिस ने इस उत्सव को फीका करने के लिए क्या–क्या इंतज़ाम किए थे ? | 1 |
| 9 | 'तीसरी कसम' में राजकपूर के जीवंत अभिनय पर विस्तार से लिखिए। राजकपूर की कोई फिल्म आपने देखी हो तो उसमें उनके अभिनय के विषय में लिखिए। | 5 |
| 10 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1)**<br>सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। कुछ देर बाद ही स्त्रियाँ जुलूस बनाकर वहाँ से चलीं। साथ में बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई। बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी, उसने फिर डंडे चलाने शुरू कर दिए। अबकी बार भीड़ ज़्यादा होने के कारण बहुत आदमी घायल हुए। धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया और करीब 50-60 स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गईं। पुलिस ने उनको पकड़कर लालबाज़ार भेज दिया। स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रही थीं। उनको बहू बाज़ार के मोड़ पर रोका गया और वे वहीं मोड़ पर बैठ गईं। आस–पास बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई, जिस पर पुलिस बीच–बीच में | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | लाठी चलाती थी।<br>(1) विमल प्रतिभा किसका नेतृत्व कर रही थीं और उन्होंने क्या-क्या किया ?<br>(2) धर्मतल्ले के मोड़ पर पुलिस ने क्या-क्या किया ?<br>(3) पुलिस ने डंडे क्यों चलाए ? | |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| | 11(i) | अपना ही घर जलाने की नौबत कबीर को क्यों आई ? | 2 |
| | (ii) | झरनों के गिरने की आवाज उत्तेजना क्यों उत्पन्न कर रही है? 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | (iii) | 'नरहरि' रूप के उल्लेख से ईश्वर के किस रूप की ओर मीरा ने संकेत किया गया है? | 1 |
| | 12 | 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए कि शासक सत्तारूढ़ होने पर किस प्रकार निर्ममता का व्यवहार करते हैं और सत्ता से उतरने पर उनका क्या हश्र होता है ? | 5 |
| | 13 | ''हरिहर काका'' पाठ में अंकित कथन ''एक पिता अपने बच्चे को जितना प्यार करता है, उससे कहीं ज्यादा प्यार हरिहर काका मुझे करते थे'' में हरिहर काका की कैसी प्रवृत्ति और स्वभाव की झलक मिलती है? आप इससे क्या प्रेरणा ग्रहण करते हैं? | 5 |
| | | **खण्ड-घ**<br>**( लेखन )** | |


http://jsuniltutorial.weebly.com/

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | |
| 14(i) | औद्योगीकरण का वनों पर प्रभाव<br>● वृक्षों की आवश्यकता<br>● उद्योग लगाने व भूमि की आवश्यकता<br>● वन–संपदा पर उद्योगों का प्रभाव | 5 |
| (ii) | पर्वतारोहण<br>● प्रकृति से प्रेम<br>● नई क्षमताओं का विकास<br>● शिक्षोपयोगिता | 5 |
| (iii) | किसी प्रदर्शनी का वर्णन<br>● प्रदर्शनी का विषय<br>● प्रदर्शनी में प्रदर्शन<br>● प्रभाव | 5 |
| 15 | अपने क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति की शिकायत करते हुए संबंधित अधिकारी को एक पत्र लिखिए। | 5 |
| 16 | विद्यालय परिसर में विद्यार्थी मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे, तत्संबंधी सूचना सूचना–पट पर लिखिए। | 5 |
| 17 | भीषण गर्मी के बाद वर्षा ऋतु आती है। पर वर्षा अधिक होने पर सड़कों पर पानी भर जाता है। सारा यातायात थम जाता है। ऐसी ही स्थिति में दो राहगीरों के संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| 18 | आपका अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों भाषाओं का ज्ञान उच्च कोटि का है। आप अपने भाषा ज्ञान का लाभ उठाकर गर्मियों की छुट्टियों में अर्थोपार्जन करना चाहते है। एक विज्ञापन लिखिए। | 5 |